**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1265**
**09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**असम में स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र**

**1265. श्री एम. बदरुद्दीन अजमल:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) असम में विशेषकर धुबरी और गोलपाड़ा जिलों में कितने स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र उपलब्ध हैं;

(ख) सरकार और राज्यों द्वार प्रायोजित स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्रों की संख्या कितनी है;

(ग) सभी स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्रों में कर्मचारियों, चिकित्सकों और नर्सों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की असम में विशेषकर धुबरी और गोलपाड़ा जिलों में और अधिक स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्र स्थापित करने की योजना है;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क): नवीनतम उपलब्ध ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी (आरएचएस 2021-22) के अनुसार, धुबरी और गोलपाड़ा जिलों सहित असम राज्य में स्तर-वार स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केंद्रों का वितरण निम्नानुसार है-

| राज्य/जिला | डीएच | एसडीएच | सीएचसी | पीएचसी | एससी |
|---|---|---|---|---|---|
| असम | 25 | 14 | 201 | 1010 | 4701 |
| धुबरी | 1 | 1 | 7 | 34 | 192 |
| गोलपाड़ा | 1 | 0 | 7 | 37 | 155 |

(ख): उपर्युक्त सभी स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्रों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से संयुक्त रूप से 90 (भारत सरकार का हिस्सा): 10 (राज्य का हिस्सा) के अनुपात में सहयोग प्रदान किया जाता है।

इन स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा, एम्स गुवाहाटी को प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत स्थापित किया गया है, जो पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित है। वर्तमान में असम राज्य में 12 कार्यशील चिकित्सा कॉलेज हैं। जिनमें से 06 चिकित्सा कॉलेज का निर्माण भारत सरकार की आंशिक वित्तीय सहायता से किया गया है।

(ग): सभी स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्रों में स्टाफ, डाक्टरों और नर्सों का जिलावार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(घ) से (च): स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना भारतीय जन स्वास्थ्य मानकों के अंतर्गत परिभाषित जनसंख्या मानदण्डों के अनुसार की जाती है। राज्यों को भारतीय जन स्वास्थ्य मानक मानदंडों के अनुसार अपने जिलों का मूल्यांकन करना होता है और यदि कमियां पाई जाती है तो राज्य परवर्ती कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना, जिसका स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में मूल्यांकन किया जाता है, में अतिरिक्त सुविधा केन्द्रों का प्रस्ताव कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, राज्य सीएचओ और चिकित्सा अधिकारियों को तैनात करके सभी प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या केन्द्रों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में उत्तरोत्तर संचालन कर रहे हैं।

****

| क्र.सं. | जिला | डॉक्टर | नर्स | पैरा मेडिकल | कार्यक्रम प्रबंधन | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बक्सा और तामुलपुर# | 91 | 271 | 133 | 107 | 602 |
| 2. | बारपेटा और बजाली# | 113 | 500 | 249 | 100 | 962 |
| 3. | बिश्वनाथ | 54 | 252 | 62 | 49 | 417 |
| 4. | बोंगईगांव | 61 | 188 | 112 | 108 | 469 |
| 5. | कछार | 70 | 539 | 136 | 149 | 894 |
| 6. | चराइदेव | 34 | 162 | 58 | 42 | 296 |
| 7. | चिरांग | 40 | 174 | 77 | 71 | 362 |
| 8. | दरांग | 72 | 357 | 162 | 170 | 761 |
| 9. | धेमाजी | 53 | 234 | 120 | 77 | 484 |
| 10. | धुबरी | 91 | 383 | 156 | 95 | 725 |
| 11. | डिब्रूगढ़ | 74 | 375 | 201 | 127 | 777 |
| 12. | दीमा हसाओ | 29 | 146 | 45 | 44 | 264 |
| 13. | गोलपाड़ा | 80 | 323 | 184 | 163 | 750 |
| 14. | गोलाघाट | 89 | 374 | 125 | 141 | 729 |
| 15. | हैलाकांडी | 43 | 199 | 116 | 71 | 429 |
| 16. | होजाई | 36 | 117 | 55 | 44 | 252 |
| 17. | जोरहाट | 73 | 287 | 149 | 88 | 597 |
| 18. | कामरूप मेट्रो | 81 | 556 | 131 | 110 | 878 |
| 19. | कामरूप ग्रामीण | 193 | 500 | 337 | 129 | 1159 |
| 20. | कार्बी आंगलोंग | 56 | 187 | 74 | 78 | 395 |
| 21. | करीमगंज | 80 | 315 | 98 | 106 | 599 |
| 22. | कोकराझार | 91 | 341 | 99 | 91 | 622 |
| 23. | लखीमपुर | 58 | 358 | 160 | 153 | 729 |
| 24. | माजुली | 16 | 94 | 48 | 23 | 181 |
| 25. | मोरीगांव | 60 | 287 | 137 | 80 | 564 |
| 26. | नगांव | 142 | 477 | 224 | 206 | 1049 |
| 27. | नलबाड़ी | 90 | 350 | 160 | 75 | 675 |
| 28. | शिवसागर | 48 | 333 | 116 | 98 | 595 |
| 29. | सोनितपुर | 57 | 288 | 124 | 91 | 560 |
| 30. | दक्षिण सलमारा | 29 | 71 | 59 | 28 | 187 |
| 31. | तिनसुकिया | 70 | 288 | 120 | 126 | 604 |
| 32. | उदलगुड़ी | 72 | 271 | 128 | 106 | 577 |
| 33. | पश्चिम कार्बी आंगलोंग | 30 | 98 | 48 | 46 | 222 |
| | कुल योग | **2276** | **9695** | **4203** | **3192** | **19366** |

# बजाली और तामुलपुर नए बनाए गए जिले हैं।

******